SA-2 WORKSHEET - HINDI CLASS: VI

# I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1- नागराज के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की दशा हुई ?

2- अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुज़र रहा था ?

3- राजप्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ?

4- लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की ?

5- 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया' - साहिर ने ऐसा क्यों कहा है ? लिखिए।

6- गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ?

7- 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?

8- 'कुछ खास तो नहीं' - हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

9- हेलेन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थीं ? पाठ के आधार पर उसका उत्तर लिखो।

10- लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है ?

11- लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?

12- दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है ? कुछ चीज़ों के नाम लिखो।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13- कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

14- कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' क्यों कहा गया है? क्या तुम भी हमेशा छोटे बने रहना पसंद करोगे?

15- आशय स्पष्ट करो –
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!

16- निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है? बिंदुओं के रूप में उन्हें लिखो।

17- हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?

18- आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन सा काम करवाया और क्यों?

19- लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?

20- आश्रम में काम करने या करवाने का कौन सा तरीका गांधी जी अपनाते थे? इसे पाठ पढ़कर लिखो।

21- बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है? बूढ़े बाँस में कौन सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?

22 बाँस से बनाई जाने वाली चीजों में सबसे आश्चर्यजनक चीज तुम्हें कौन सी लगी और क्यों?

23- बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी?

अनुच्छेद – वृक्ष: हमारे जीवन के आधार

पत्र – अपनी नई कक्षा का वर्णन करते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए।

अपठित गद्यांश –

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# विलोम शब्द


1. निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम शब्द चुनिए :

1. योग्य
   (क) दुर्योग्य (ख) अयोग्य (ग) सुयोग्य (घ) कुयोग्य
2. यश
   (क) सुयश (ख) नीरस (ग) अपयश (घ) कुयश
3. उत्थान
   (क) गमन (ख) चलन (ग) पतन (घ) प्रगति
4. आदि
   (क) अंत (ख) अनादि (ग) आबादी (घ) अनंत
5. आदान
   (क) देना (ख) प्रदान (ग) निदान (घ) लेना
6. प्रेम
   (क) घृणा (ख) हिंसा (ग) लड़ाई (घ) अहिंसा
7. शुद्ध
   (क) अपवित्र (ख) गलत (ग) अशुद्ध (घ) गंदा
8. सरल
   (क) मुश्किल (ख) कठिन (ग) दुर्गम (घ) आसान

2. नीचे दिए गए चित्रों के आधार पर उनके विलोम शब्द लिखिए :


विलोम शब्द / विलोम शब्द

 ........................

 ........................

 ........................

 ........................

 ........................

3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के उचित विलोम शब्द चुनकर भरिए :

1. शिक्षित व्यक्ति सदैव तरक्की करता है, जबकि ........................ व्यक्ति असफल होता है।
   (क) सुशिक्षित (ख) अनपढ़ (ग) कुशिक्षित (घ) अशिक्षित
2. व्यापारी व्यापार में लाभ ........................ पर बहुत ध्यान रखते हैं।
   (क) नुक्सान (ख) नफ़ा (ग) हानि (घ) फ़ायदा
3. मेरा भाई मेरा ........................ है और मैं उसका अग्रज हूँ।
   (क) दुर्जन (ख) अशिष्ट (ग) अनुज (घ) कनिष्ठ
4. गंगा का जल निर्मल होता है, जबकि नाले का जल ........................ होता है।
   (क) कोमल (ख) अपवित्र (ग) मलिन (घ) गंदा
5. कक्षा में बच्चों ने शोर मचाकर आकाश ........................ एक कर दिया।
   (क) धरती (ख) पाताल (ग) स्वर्ग (घ) भूमि

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# लिंग

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्पों द्वारा कीजिए :

1. सफ़ाई करते-करते .................................. बेहोश हो गई।
   (क) नौकर (ख) नौकरानी (ग) महाराज (घ) पटरानी
2. इस बार भी बोर्ड परीक्षाओं में .................................. ने लड़कों की अपेक्षा बाज़ी मारी।
   (क) लड़कियों (ख) लड़कों (ग) महिलाओं (घ) पुरुषों
3. बच्चों को .................................. पढ़ा रहे हैं।
   (क) शिष्या (ख) अध्यापिका (ग) अध्यापक (घ) शिक्षकों
4. अभिजीत सावंत एक अच्छा .................................. है।
   (क) गायक (ख) गायिका (ग) गवैया (घ) नाविक
5. .................................. नारी का हर जगह सम्मान होता है।
   (क) मूढ़मती (ख) रूपमती (ग) गुणवान (घ) गुणवती

5. निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के उचित लिंग चुनिए :

1. नर खरगोश
   (क) खरगोशनी (ख) नर खरगोशी (ग) मादा खरहा (घ) मादा खरगोश
2. सत्यवान
   (क) सत्यवती (ख) सावित्री (ग) सत्यवानी (घ) सत्यावती
3. दर्शक
   (क) दर्शकी (ख) दर्शकगण (ग) दर्शिका (घ) दृशिका
4. इंद्र
   (क) इंद्राणी (ख) इंद्री (ग) इंद्रिय (घ) इंद्रिया
5. साँप
   (क) सर्पिन (ख) साँपिन (ग) सर्पिणी (घ) साँपी

# वचन - परिभाषा, दो उदाहरण

3. निम्नलिखित शब्दों के उचित बहुवचन चुनिए :

1. शाखा
   (क) शाखें (ख) शाखे (ग) शाखाओं (घ) शाखाएँ
2. बहन
   (क) बहनें (ख) बहिनों (ग) बहने (घ) इनमें से कोई नहीं
3. रुपया
   (क) रुपयों (ख) रुपयाँ (ग) रुपये (घ) रुपैया
4. चुहिया
   (क) चुहियों (ख) चुहिए (ग) चुहियाँ (घ) चुहियां
5. पक्षी
   (क) पक्षीगण (ख) पक्षीजन (ग) पक्षीवृंद (घ) पक्षियाँ

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

5. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप चुनिए :

1. प्रजा
   (क) प्रजावर्ग (ख) प्रजागण (ग) प्रजाजन (घ) प्रजाएँ
2. आँख
   (क) आँखों (ख) आँखें (ग) आँखे (घ) इनमें से कोई नहीं
3. मज़दूर
   (क) मज़दूरवर्ग (ख) मज़दूरजन (ग) मज़दूरगण (घ) मज़दूरों
4. महिला
   (क) महिलों (ख) महिलाएँ (ग) महिलाओं (घ) महिलें
5. छाता
   (क) छाते (ख) छताओं (ग) छाताएँ (घ) छातें
6. बालिका
   (क) बालिकाएँ (ख) बालिके (ग) बालिकों (घ) इनमें से कोई नहीं
7. पत्ती
   (क) पत्तीया (ख) पत्तियाँ (ग) पत्तिएँ (घ) इनमें से कोई नहीं

सर्वनाम की परिभाषा तीन उदाहरण वाक्यों द्वारा
सर्वनाम के भेदों के नाम

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में दिए गए विकल्पों में से उचित सर्वनाम शब्द भरिए :

1. .................... सोता है, वह खोता है।
   (क) मैं (ख) हम (ग) वह (घ) जो
2. यह .................... सामान है?
   (क) कौन का (ख) किसका (ग) उसका (घ) हमारा
3. सर, .................... हमें पढ़ाइए।
   (क) तुम (ख) हम (ग) आप (घ) वह
4. .................... राज्य में बिहू प्रसिद्ध है?
   (क) कौन (ख) किस (ग) कहाँ (घ) कैसे
5. अरे! .................... यहाँ क्या कर रहे हैं?
   (क) यह (ख) तुम (ग) आप (घ) ये

5. निम्नलिखित वाक्यों का उचित सर्वनाम से मिलान कीजिए :

| वाक्य | सर्वनाम |
|---|---|
| 1. माली ने पौधों को स्वयं सींचा। | पुरुषवाचक |
| 2. लगता है, कोई बाहर खड़ा है। | अनिश्चयवाचक |
| 3. वह जा रहा है। | संबंधवाचक |
| 4. उनका काम हमने कर दिया। | निजवाचक |
| 5. जिसकी दौलत, उसकी शोहरत। | निश्चयवाचक |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in